तापमान
अधिकतम 37.2°C
न्यूनतम 25.0°C

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

13 मंदिरों में महादेव के उद्घोष के साथ उमड़ा आस्था का सैलाब


14 संगठनात्मक बैठक में बूथ स्तर को मजबूत करने पर हुआ मंथन





## खबर संक्षेप

### सड़क पार कर रहे युवक को वाहन ने कुचला

**सोनीपत।** ओमेक्स सिटी सेक्टर-18 के पास सड़क पार कर रहे एक युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। उत्तर प्रदेश के एटा जिले के गांव काजीपुर बदनपुर निवासी नरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका 26 वर्षीय भाई अजय कुमार सोनीपत में रहकर ओमेक्स सिटी क्षेत्र में चल रहे एक निर्माण कार्य में चालक के रूप में काम करता था। गुरुवार को अजय कुमार ओमेक्स सिटी सेक्टर-18 स्थित बत्रा प्रॉपर्टी के पास सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

### रंजिश में युवक पर हमला, तीन पर केस

**खरखौदा।** फरमाणा में रंजिश के चलते एक युवक पर हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि देर रात वह अपने दोस्त पवन के घर मौजूद था। इसी दौरान गांव के सुखबीर, श्रीपाल और लाचा वहां पहुंचे और पुरानी बात को लेकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि सुखबीर ने किसी नुकीली वस्तु से हमला किया, जबकि अन्य आरोपियों ने मुक्कों से मारपीट की। शोर सुनकर पवन मदद के लिए परिजनों को बुलाने चला गया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### 31 को प्रकाशित होगी प्रारूप मतदाता सूची

**सोनीपत।** 31 जुलाई को राई विधानसभा क्षेत्र की प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दावे एवं आपत्तियां प्राप्त कर उनका निस्तारण किया जाएगा और फिर अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। लघु सचिवालय में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत पोस्ट एसआईआर गतिविधियों को लेकर सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारियों , सुपरवाइजरों और बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। डीडीपीओ ने निर्देश दिए कि नोटिस वितरण, सुनवाई और निस्तारण सहित अन्य कार्य आयोग के तय नियमों के अनुसार करें।

# कांवड़ यात्रा के लिए वन-वे ट्रैफिक प्लान लागू, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**प्रशासन ने जिले में चौकसी भी बढ़ाई, संदिग्धों पर कड़ी नजर**

## गढ़ मिर्कपुर से जीटी रोड तक विशेष यातायात व्यवस्था बहालगढ़ सहित प्रमुख मार्गों पर रहेगा डायवर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सोनीपत पुलिस ने जिले में व्यापक ट्रैफिक एवं सुरक्षा प्रबंधन योजना लागू कर दी है। इस बार गढ़ मिर्कपुर (एनएच-334बी) से राष्ट्रीय राजमार्ग-44 (जीटी रोड) तक विशेष वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू रहेगी। वहीं, जाम की स्थिति से निपटने के लिए कई वैकल्पिक मार्ग भी चिन्हित किए गए हैं। पुलिस आयुक्त ममता सिंह के निर्देश पर तैयार की गई इस योजना का उद्देश्य कांवड़ यात्रियों के साथ-साथ आम लोगों की आवाजाही भी सुचारु बनाए रखना है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ने से राष्ट्रीय राजमार्ग और शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। इसे देखते हुए संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। यातायात पुलिस, स्थानीय थाना पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां संयुक्त रूप से पूरे मार्ग की निगरानी करेंगी। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि किसी भी स्थान पर यातायात बाधित होने या जाम की स्थिति बनने पर तत्काल प्रभाव से वैकल्पिक मार्ग लागू किए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



### पुलिस कंट्रोल रूप से 24 घंटे निगरानी

यात्रा मार्ग के प्रमुख चौराहों, डायवर्जन प्वाइंट और संवेदनशील स्थानों पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। पुलिस कंट्रोल रूम से सभी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा पुलिस की गश्ती टीमें भी लगातार मार्ग पर सक्रिय रहेंगी। धयात्रा मार्ग पर स्थित मांस और मछली की दुकानों को भी यात्रा अवधि के दौरान अस्थायी रूप से बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने सभी कांवड़ यात्रियों से यात्रा के दौरान अपना पहचान पत्र साथ रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित थाना क्षेत्र में पंजीकरण कराने की अपील की है। वहीं, आम नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि यात्रा अवधि में ट्रैफिक एडवाइजरी का पालन करें।

### बहालगढ़ चौक पर सबसे अधिक ट्रैफिक दबाव, इन मार्गों से निकाले जाएंगे वाहन

कांवड़ यात्रा के दौरान सबसे अधिक दबाव बहालगढ़ चौक पर रहने की संभावना है। इसे देखते हुए विशेष ट्रैफिक योजना तैयार की गई है। यदि चौक पर यातायात का दबाव बढ़ता है तो पानीपत से दिल्ली जाने वाले वाहनों को कुराड़ बाईपास, गोहाना रोड, शहर बाईपास, बड़वासनी और डबल नहर मार्ग से दिल्ली की ओर भेजा जाएगा। वहीं, दिल्ली से पानीपत जाने वाले वाहनों को बीसवां मील चौक, बारोटा चौकी, गढ़ी बिंदरौली, रोहट, ककरोई, महलाना और बड़वासनी मार्ग से निकाला जाएगा। इससे जीटी रोड पर वाहनों का दबाव कम होगा।

### कांवड़ियों के लिए पांच वैकल्पिक मार्ग तय

गढ़ मिर्कपुर बॉर्डर से आने वाले कांवड़ यात्रियों के लिए पांच वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। इनमें खेवड़ा फ्लाईओवर, पलड़ी-कुमासपुर रोड, बड़ौली-बसौदी-नांदनौर-मुरथल मार्ग, दिपालपुर मोड़-चौहान जोशी मार्ग तथा खेवड़ा-झुंडपुर-सेवली-बारोटा चौकी-रोहट मार्ग शामिल हैं। श्रद्धालुओं की संख्या और यातायात की स्थिति के अनुसार इन मार्गों का उपयोग कराया जाएगा। पुलिस लगातार हालात पर नजर रखेगी और आवश्यकता पड़ने पर बदलाव भी करेगी। **एनएच-334बी और सेक्टर-27 क्षेत्र में भी रहेगा डायवर्जनः** राष्ट्रीय राजमार्ग-334बी, राठधना और सेक्टर-27 क्षेत्र में भी विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू रहेगी। यदि इन मार्गों पर यातायात प्रभावित होता है तो वाहनों को राठधना, सेक्टर-27, दीवान फार्म और सेक्टर-7 के रास्ते जीटी रोड की ओर मोड़ा जाएगा। पुलिस का कहना है कि सभी डायवर्जन प्वाइंट पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा, ताकि वाहन चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# घड़वाल में नशा तस्कर से 1.542 किलो चरस व 5 किलो से ज्यादा गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



■ एचएसएनसीबी ने आरोपी को रिमांड पर लिया, नेटवर्क खंगालेंगे

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की सोनीपत यूनिट ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव घड़वाल से एक आरोपित को 1 किलो 542 ग्राम चरस और 5 किलो 954 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। कुल 7 किलो 496 ग्राम मादक पदार्थ की बरामदगी हुई है, जो वाणिज्यिक मात्रा में है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है और उससे पूछताछ कर नशा तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा रहा है। हरियाणा सरकार के नशा मुक्त प्रदेश अभियान के तहत एचएसएनसीबी की ओर से यह कार्रवाई की गई। ब्यूरो प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) संजय कुमार तथा अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक मनबीर सिंह के निर्देशन में प्रदेशभर में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सोनीपत यूनिट के प्रभारी इंस्पेक्टर अजय धनखड़ ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक रोहताश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव घड़वाल निवासी एक व्यक्ति अपने घर और साथ लगते प्लॉट में चरस और गांजा छिपाकर रखता है तथा उसकी बिक्री करता है। सूचना के आधार पर टीम ने राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में छापेमारी की। तलाशी के दौरान आरोपित के कब्जे से 1 किलो 542 ग्राम चरस और 5 किलो 954 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसके बाद उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव घड़वाल निवासी राजकुमार उर्फ राजू के रूप में हुई है। रिमांड के दौरान उससे यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह मादक पदार्थ कहां से लाता था और किन लोगों तक इसकी आपूर्ति करता था। पुलिस का कहना है कि इस मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। इंस्पेक्टर अजय धनखड़ ने लोगों से अपील की कि नशे के खिलाफ अभियान में पुलिस का सहयोग करें और नशा तस्करी की किसी भी सूचना की तुरंत पुलिस को जानकारी दें।

## बिजली लाइन की मरम्मत के दौरान करंट लगने से एएलएम की मौत

■ पेपर मिल कॉलोनी में 11 केवी फीडर की खराबी दूर करते समय हादसा, पुलिस ने शुरू की जांच

**सोनीपत।** कुंडली स्थित पेपर मिल कॉलोनी में बिजली लाइन की मरम्मत के दौरान करंट लगने से बिजली निगम के सहायक लाइनमैन (एएलएम) की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस और बिजली निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। झज्जर जिले के गांव लूना माजरा निवासी सुधीर ढाका हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से पिछले करीब सात वर्षों से बिजली निगम में सहायक लाइनमैन के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार सुबह उन्हें कुंडली की पेपर मिल कॉलोनी में 11 केवी रसोई फीडर की तकनीकी खराबी दूर करने के लिए भेजा गया था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उन्होंने कार्य शुरू करने से पहले निर्धारित प्रक्रिया के तहत पावर हाउस से लाइन बंद कराने के लिए परमिट लेने की प्रक्रिया पूरी की थी। मरम्मत कार्य के दौरान छत पर रखी लोहे की सीढ़ी अचानक बिजली लाइन के संपर्क में आ गई। इससे सुधीर ढाका करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बिजली निगम के फोरमैन सुनील ने बताया कि लाइन पूरी तरह बंद होने से पहले ही हादसा हो गया। वहीं, कुंडली थाना प्रभारी रवि ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आरके कॉलोनी में प्लॉट पर कब्जे के प्रयास, 5 पर केस

■ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निर्माण तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**सोनीपत।** मुरथल स्थित आरके कॉलोनी में एक प्लॉट पर कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। बहादुरगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने पांच लोगों पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास, निर्माण को नुकसान पहुंचाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मुरथल थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बहादुरगढ़ निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने आरके कॉलोनी में बावरिया मंदिर के सामने 200 वर्ग गज का प्लॉट खरीदा था। प्लॉट की रजिस्ट्री और इंतकाल उनके नाम दर्ज हैं। उन्होंने प्लॉट की चारदीवारी कराकर एक कमरा बनवाया तथा बिजली का कनेक्शन भी अपने नाम से लिया हुआ है। शिकायत के अनुसार करीब 20 दिन पहले सुमित, अमित, दीपांशु, जगमोहन और प्रवीण कथित फर्जी एग्रीमेंट के आधार पर प्लॉट पर पहुंचे और चारदीवारी, कमरे तथा बिजली की लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोप है कि 26 जुलाई की रात आरोपी दोबारा प्लॉट पर आए और हाल ही में कराए गए निर्माण को फिर से तोड़ दिया, जिससे करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ। सुनील कुमार का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने प्लॉट खरीदने का दावा किया और राजनीतिक पहुंच का हवाला देते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

## खाद-बीज और दवाओं के 8 सैंपल लिए, जांच के लिए लैब भेजे जाएंगे

■ कृषि विभाग की टीम ने गन्नौर समेत कई क्षेत्रों में दुकानों का औचक निरीक्षण, रिकॉर्ड भी खंगाले

**सोनीपत।** खरीफ सीजन के दौरान किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग की टीमें लगातार निरीक्षण अभियान चला रही हैं। गुरुवार को विभाग की टीम ने गन्नौर सहित जिले के कई क्षेत्रों में खाद, बीज और दवाओं की दुकानों का औचक निरीक्षण कर आठ सैंपल एकत्रित किए। इन्हें जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिले में खाद, बीज और दवाओं के 700 से अधिक लाइसेंसधारी विक्रेता हैं। विभाग की टीमें पिछले एक माह से सोनीपत, गोहाना, गन्नौर और खरखौदा क्षेत्र में लगातार निरीक्षण कर सैंपल एकत्रित कर रही हैं, ताकि किसानों को सही बीज व खाद मिल सके।

### खरीफ सीजन को लेकर विभाग अलर्ट

खरीफ सीजन में खाद और दवाओं की मांग बढ़ने के कारण विभाग लगातार निरीक्षण कर रहा है। किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि सामग्री उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। गुरुवार को लिए गए आठ सैंपलों को जल्द जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
-राकेश हुड्डा, गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक (क्यूसीआई), कृषि विभाग

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर आरपीएफ-जीआरपी अलर्ट



**सोनीपत।** स्वतंत्रता दिवस और कांवड़ यात्रा को लेकर सोनीपत सहित आसपास लगते रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया है। स्टेशनों के साथ ट्रेनों में भी यात्रियों के सामान की जांच की जा रही है। रेलवे पुलिस ने स्टेशनों के साथ यहां से गुजरने वाली ट्रेनों में भी सुरक्षा व गश्त बढ़ाई है। छोटे स्टेशनों पर अलग से जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही सोनीपत स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों के सामान की भी गहनता से जांच की गई।आरपीएफ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र मलिक व जीआरपी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने वीरवार को सोनीपत स्टेशन परिसर में व्यापक सघन जांच अभियान चलाया। पुलिस टीम ने स्टेशन परिसर व प्रत्येक प्लेटफार्म पर बारिकी से निरीक्षण किया।

**अधिकारी बोले-शहर की सुंदरता बिगाड़ने वाले नपेंगे**

# अवैध होर्डिंग्स पर नगर निगम सख्त शहरभर में शुरू किया हटाने का अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर की सुंदरता बिगाड़ रहे अवैध होर्डिंग्स पर नगर निगम ने शिकंजा कस दिया है। पहले दी गई चेतावनी की समय सीमा खत्म होने के बाद निगम की टीम सड़क पर उतर गई और जगह-जगह लगे बैनर, फ्लेक्स बोर्ड व विज्ञापन सामग्री हटाने का अभियान शुरू कर दिया। निगम ने दोबारा उल्लंघन करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी है। बता दें कि नगर निगम प्रबंधन ने कुछ दिन पहले शहर में विभिन्न जगहों पर लगे अवैध होर्डिंग्स, विज्ञापन सामग्री से पटे स्थलों को चिन्हित कर संबंधित लोगों, संस्थाओं व एजेंसियों को इन्हें स्वयं हटाने के निर्देश दिए थे। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद अब निगम की टीम ने अभियान चलाकर अवैध होर्डिंग्स हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम प्रबंधन का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों, सड़कों के किनारे, डिवाइडर, बिजली के खंभों, पार्कों की रेलिंग, सरकारी भवनों और अन्य स्थानों पर बिना अनुमति किसी भी प्रकार का विज्ञापन बोर्ड लगाना नियमों का उल्लंघन है।



सोनीपत। गीता भवन रोड पर अभियान के दौरान उतारे गए अवैध होर्डिंग्स।

### पार्टियों और संस्थाओं से मांगा सहयोग

नगर निगम ने लोगों के साथ व्यापारियों, राजनीतिक दलों, सामाजिक संस्थाओं व निजी संस्थाओं का आह्वान किया कि वह बिना अनुमति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर होर्डिंग्स बोर्ड, बैनर या प्रचार संबंधी सामग्री न लगाएं।

### अतिक्रमण सहन नहीं

नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने कहा कि शहर की सुंदरता, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था बनाए रखना सभी नागरिकों की साझा जिम्मेदारी है। अतिक्रमण व अवैध रूप से प्रचार सामग्री लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बीपीएल कॉलोनी से दो हजार मीटर बिजली तार चोरी

**गन्नौर।** पुरखास धीरान स्थित बीपीएल कॉलोनी से करीब दो हजार मीटर बिजली लाइन के तार चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी से उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) को लगभग 1.63 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यूएचबीवीएन उपमंडल कार्यालय कैलाना के क्षेत्र प्रभारी ने बताया कि 22 जुलाई को बीपीएल कॉलोनी की एलटी लाइन का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान लाइन के करीब 15 स्पैन से लगभग दो हजार मीटर बिजली के तार गायब मिले। आशंका है कि अज्ञात चोर रात के समय तार चोरी कर ले गए।

## कर्मचारियों ने मांगों को लेकर निकाला रोष मार्च

**सोनीपत।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर वीरवार को जिला सोनीपत में कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर पब्लिक हेल्थ यूनियन कार्यालय से उपायुक्त कार्यालय तक रोष मार्च निकाला। प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान देशराज नैन ने की, जबकि संचालन जिला सचिव सुनील दत्त ने किया। ज्ञापन में कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों तथा वर्ष 1993, 1996, 1997 व अन्य वर्षों के कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की।



haribhoomi.com
फ्रेंडशिप-डे 2 अगस्त स्पेशल
हरिभूमि बालभूमि
रोहतक, शुक्रवार, 31 जुलाई 2026
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित


टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# जब दोस्त हैं साथ खुशियां हैं पास

हर बच्चे का कोई ना कोई दोस्त जरूर होता है। टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दोस्त बनाने में पीछे नहीं रहते। इनकी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है? इनका अपने फ्रेंड्स के साथ बिताया कोई मेमोरेबल मोमेंट कौन-सा है? इस बार ये फ्रेंडशिप-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे? फ्रेंडशिप-डे के मौके पर इन चाइल्ड आर्टिस्ट्स का अपने सभी फ्रेंड्स को क्या मैसेज है, बता रहे हैं **बालभूमि** को।

## फ्रेंड्स खुलकर जीने का मौका देते हैं उर्वा सवालिया



**सोनी सब** के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में बाल अर्जुन की भूमिका में उर्वा सवालिया दर्शकों की खूब तारीफ बटोर रहा है। अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की इंपॉर्टेंस के बारे में उर्वा बताता है, 'मेरे फ्रेंड्स मुझे बिना किसी फिल्टर के हंसने और खुलकर जीने का मौका देते हैं। मेरे लिए दोस्ती का मतलब है- बिना शर्त के एक-दूसरे का साथ देना और खूब मस्ती करना।' अपने फ्रेंड्स के साथ एक मेमोरेबल मोमेंट को याद करते हुए उर्वा बताता है, 'एक बार मेरा डांस परफॉर्मेंस था। मैं काफी नर्वस हो रहा था। मेरे पैरेंट्स के साथ मेरे फ्रेंड्स भी इस इवेंट में आए थे। उन्होंने चार्ट पेपर पर 'यू कैन डू इट!' लिखकर मेरा हौसला बढ़ाया। मैंने जमकर परफॉर्म किया। इससे मुझे फर्स्ट प्राइज मिला। उस दिन मुझे अहसास हुआ कि जब दोस्त साथ हों, तो बड़े से बड़ा डर दूर भाग जाता है।'

इस फ्रेंडशिप-डे पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में उर्वा बताता है, 'इस बार मैंने अपने सभी क्लोज फ्रेंड्स के साथ 'नो मोबाइल, ओनली फन डे' प्लान किया है। हम सब मिलकर एक पार्क में जाएंगे, जहां कोई भी मोबाइल या आईपैड नहीं छुएगा। हम अपने पुराने खेल जैसे छुपन-छुपाई, खो-खो और पिट्ठू खेलेंगे। इसके अलावा, मैं अपने हाथों से सबके लिए कस्टमाइज्ड फ्रेंडशिप बैंड्स बना रहा हूं, जिसमें उनके पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर्स होंगे।' फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए उर्वा का प्यारा सा मैसेज है, 'ऐसे हर दोस्त को दिल से शुक्रिया कहो, जो बिना किसी स्वार्थ के हमेशा साथ रहता है। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## सच्ची दोस्ती का मतलब है एक-दूसरे का साथ देना भूमि रामोला



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में तितली का रोल प्ले कर रही भूमि रामोला को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। भूमि की लाइफ में उसके फ्रेंड्स बहुत इंपॉर्टेंस रखते हैं। वह कहती है, 'मेरे लिए दोस्त भगवान का दिया सबसे प्यारा उपहार है। अपने फ्रेंड्स के साथ हंसना-खेलना और नई-नई बातें सीखना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरे लिए सच्ची दोस्ती का मतलब सिर्फ साथ खेलना नहीं, एक-दूसरे का साथ देना, एक-दूसरे की खुशियों में खुश होना और हमेशा अच्छे दोस्त बने रहना है।' अपना मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट शेयर करते हुए भूमि बताती है, 'मेरी स्कूल की दोस्त (नायरा) ने फ्रेंडशिप-डे पर अपने हाथों से मेरे लिए एक प्यारा-सा कार्ड बनाया था। वो मेरा पहला फ्रेंडशिप गिफ्ट था, इसलिए वो मोमेंट आज भी मेरे दिल के बहुत करीब है।'

इस बार फ्रेंडशिप-डे की प्लानिंग के बारे में भूमि बड़े उत्साह से बताती है, 'फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों को फ्रेंडशिप बैंड दूंगी, उनके साथ खूब बातें करूंगी, गेम्स खेलूंगी और बहुत सारी मस्ती करूंगी। साथ ही मैं अपने हर दोस्त को दिल से 'थैंक यू' बोलूंगी, क्योंकि अच्छे दोस्त हर दिन को और ज्यादा खास बना देते हैं।'

फ्रेंडशिप-डे पर 'बालभूमि' के अपने सभी फ्रेंड्स के लिए भूमि का मैसेज है, 'हमेशा सच्चे दोस्त बनो, एक-दूसरे की मदद करो, दोस्तों के साथ खूब हंसो, कुछ अच्छा सीखो और कभी किसी दोस्त का दिल मत दुखाओ। अपनी दोस्ती को हमेशा दिल से निभाओ। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा कनेक्टेड रहें अबान खान



**स्टार प्लस** के शो 'उड़ने की आशा' में अबान खान को लक्ष्य की भूमिका में खूब पसंद किया जा रहा है। अबान से पूछने पर कि तुम्हारी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप की क्या इंपॉर्टेंस है, वह मुस्कराते हुए जवाब देता है, 'जिंदगी में दोस्तों का होना बहुत जरूरी है। दोस्तों के साथ हम सिर्फ एंज्वॉय ही नहीं करते, अपने कामों में उनकी मदद भी लेते हैं। मेरे फ्रेंड्स तो नोट्स कंप्लीट कराने में मेरी हेल्प करते हैं। मेरे साथ क्रिकेट भी खेलते हैं। शो 'उड़ने की आशा' में मेरे साथ काम करने वाले पंखुरी और आर्या मेरे बहुत अच्छे दोस्त बन गए हैं। हम लोग सेट पर भी खूब मस्ती करते हैं।'

अबान का अब तक का मेमोरेबल फ्रेंडशिप मोमेंट कौन-सा था, वह याद करते हुए बताता है, 'एक बार ईद के दिन मैं मम्मी को बिना बताए अकेले अपने फ्रेंड्स के घर ईद मनाने चला गया था। मैंने दोस्तों के साथ खूब एंज्वॉय किया। उधर घर वाले मुझे ढूंढ़ रहे थे, परेशान हो रहे थे। जब मैं वापस घर गया तो मुझे डांट पड़ी कि त्योहार पर दोस्तों से मिलना अच्छी बात है, लेकिन घर वालों को पता होना चाहिए कि तुम कहां जा रहे हो?'

इस बार फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करने की क्या खास प्लानिंग है, पूछने बर अबान बताता है, 'मैं फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड्स के साथ टाइम स्पेंड जरूर करूंगा। उनके साथ क्रिकेट खेलूंगा और मूवी देखूंगा। फ्रेंडशिप-डे पर जब अपने शो की शूटिंग पर जाऊंगा तो मैं अपने सेट वाले दोस्तों के लिए भी चॉकलेट्स लेकर जाऊंगा।'

फ्रेंडशिप-डे के मौके पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए अबान का मैसेज है, 'अपने फ्रेंड्स की हमेशा हेल्प करें, उनके साथ एंज्वॉय करें और हमेशा उनसे कनेक्टेड रहें। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

## दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है हरिति जोशी




**सन नियो** के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा की भूमिका निभा रही हरिति जोशी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का मन मोह रखा है। वह अपनी लाइफ में फ्रेंड्स और फ्रेंडशिप को बहुत इंपॉर्टेंट मानती है। हरिति कहती है, 'दोस्ती मेरी जिंदगी का बहुत खूबसूरत हिस्सा है। फ्रेंड्स के साथ मैं खुलकर बोलती हूं, हंसती हूं, खेलती हूं, उनसे नई-नई बातें सीखती हूं। अच्छे दोस्त हर खुशी को और भी खास बना देते हैं। मुश्किल समय में भी हमेशा साथ खड़े रहते हैं।'

फ्रेंड्स के साथ मेमोरेबल मोमेंट्स के बारे में पूछने पर हरिति चहकते हुए बताती है, 'वैसे तो दोस्तों के साथ का अपनी लाइफ का कोई खास मेमोरेबल मोमेंट याद नहीं आ रहा है, लेकिन मेरे लिए सबसे यादगार पल तब हो जाता है, जब 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' की शूटिंग के बीच हमें थोड़ा ब्रेक मिलता है, हम सब फ्रेंड्स मिलकर गेम खेलते हैं, खूब मस्ती करते हैं।' अबकी फ्रेंडशिप-डे पर हरिति की क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'इस बार फ्रेंडशिप-डे पर मैं अपने दोस्तों के साथ टाइम स्पेंड करूंगी। अगर शूटिंग होगी तो वहीं सेट पर अपने दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट करूंगी। अगर छुट्टी मिली तो बाहर घूमने या साथ में कोई मजेदार एक्टिविटी करने का प्लान बनाऊंगी।' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए हरिति का फ्रेंडशिप-डे पर स्पेशल मैसेज है, 'हमेशा अपने दोस्तों का साथ दें। दोस्ती सबसे खूबसूरत रिश्ता है, इसलिए इसे हमेशा प्यार और भरोसे के साथ निभाएं। हैप्पी फ्रेंडशिप-डे!' *

प्रस्तुति : बालभूमि फीचर्स

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## मेहनत का महत्व बताती कहानियां

बच्चो, इस बार हम तुम्हें एक ऐसी पुस्तक के बारे में बता रहे हैं, जिसमें मेहनत के महत्व को समझाती चार कहानियां हैं। किशोर श्रीवास्तव द्वारा रचित इस पुस्तक का नाम है- मेहनत का फल। पुस्तक की पहली कहानी 'नाम नहीं काम बड़ा' में तुम पढ़ोगे कि बुद्धूमल के नाम को लेकर स्कूल में उसके दोस्त उसे चिढ़ाया करते थे। दोस्तों के चिढ़ाने से उसने अपनी क्लास में जाना ही छोड़ दिया। यह तो अच्छा हुआ कि उसे एक ऐसे साधु मिले, जिन्होंने नाम को लेकर उसकी आंखें खोल दी। जब बुद्धूमल अपना सारा ध्यान पढ़ाई पर लगाकर क्लास में अव्वल आया तो वह सभी का चहेता बन गया। यह कहानी हमें सिखाती है कि नाम से बड़ा और महत्वपूर्ण काम होता है।




पुस्तक की शीर्षक कहानी 'मेहनत का फल' में एक घटना में अपने दोनों हाथ गंवाने वाले रोमू को बड़ी मुश्किल से स्कूल में प्रवेश मिला था, लेकिन उसने पैरों से लिखना सीखकर जब बोर्ड परीक्षा में पूरे जिले में पहला स्थान प्राप्त किया तो उसकी सफलता के आगे सब नतमस्तक हो गए। तीसरी कहानी 'अपना घर सबसे प्यारा' में सोमू से जब उसकी मां ने घर में इस्तेमाल किए गए कप धोने के लिए कहा तो यह बात उसे बहुत बुरी लगी। उसने गुस्से में घर छोड़ दिया। भूख लगने पर जब उसे होटल में जूठे बर्तन धोने के लिए मजबूर होना पड़ा तो उसे अपनी गलती का अहसास हुआ और वह वापस अपने घर की ओर चल पड़ा।

किताब की अंतिम कहानी 'बुराई की हार' यह सिखाती है कि कभी भी झूठ बोलकर दूसरों के साथ धूर्तता नहीं करनी चाहिए। अगन, मगन, छगन और ठगन चारों मिलकर लोहे की मूर्ति को चांदी की बताकर लोगों को ठगा करते थे, लेकिन भोलाशंकर की चतुराई से उन सभी की पोल खुल गई और उन्हें कारावास की सजा मिली। *

**किताब:** मेहनत का फल (बाल कहानी संग्रह), **लेखक:** किशोर श्रीवास्तव, **मूल्य:** 100 रुपए, **प्रकाशक:** के. बी. एस. प्रकाशन, दिल्ली

## दोस्तों की सुलह

तन्मय और मोनू बहुत अच्छे दोस्त थे। एक दिन दोनों आपस में झगड़ पड़े। बातचीत बंद कर दी। अब एक दूसरे के साथ कोई खेलने वाला नहीं था। दोनों अकेले पड़ गए। तन्मय और मोनू को अपनी दोस्ती खूब याद आती। क्या दोनों में सुलह हो पाई? दोनों फिर से दोस्त बन पाए?

कहानी
सरस्वती रमेश



एआई इमेज

तन्मय और मोनू बहुत पक्के दोस्त थे। दोनों साथ-साथ खेलते, स्कूल जाते। एक दिन दोनों क्रिकेट खेल रहे थे। तन्मय ने बैटिंग करते समय बॉल इतनी जोर से मारी कि पता नहीं किधर चली गई। दोनों दोस्तों ने इधर-उधर चारों तरफ बॉल खोजी, लेकिन बॉल नहीं मिली। बॉल मोनू की थी। वह तन्मय से झगड़ने लगा, 'तुमने मेरी बॉल जानबूझकर जोर से मारकर खो दी। तुम मुझे मेरी बॉल कहीं से भी लाकर दो, चाहे बाजार से खरीद कर दो।'

'मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं, जो मैं खरीद कर दूं।' तन्मय ने अपनी मजबूरी बताई।

'मुझे नहीं पता, कहीं से भी लाकर दो। नहीं तो मैं तुमसे कट्टी कर लूंगा।' मोनू तेज आवाज में बोला।

तन्मय भी चिढ़ गया, 'कट्टी करनी है तो कर ले।'

इस कहा-सुनी के बाद दोनों दोस्तों के बीच बोलचाल बंद हो गई। मोनू को देख तन्मय मुंह फेर लेता। मोनू का गुस्सा भी कोई कम नहीं था। वह भी तन्मय की अनदेखी करने लगा।

दोनों के बीच बातचीत बंद होने के बाद अब मोनू के साथ खेलने वाला कोई साथी ना था। शाम को पार्क में वह साइकिल अकेला ही चलाता। पहले तन्मय कभी-कभी उसकी साइकिल के पीछे-पीछे दौड़ लगाता था या फिर कभी-कभी मोनू की साइकिल के पीछे लगे कैरियर पर बैठ जाता। दोनों खूब मस्ती करते। अब अकेले साइकिल चलाने में मोनू को जरा भी मजा नहीं आता। उसे तन्मय की याद आती।

उधर तन्मय का भी मोनू के बिना मन नहीं लग रहा था। एक दिन उसने सोचा, आज जब पार्क में मोनू दिखेगा, उससे सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेगा। तन्मय पार्क जाकर मोनू का इंतजार करने लगा। काफी देर बीत गई, लेकिन मोनू ना आया। उदास होकर तन्मय घर वापस आ गया।

असल में उस दिन मोनू के पापा रिमोट से चलने वाली नई कार लेकर लाए थे। मोनू कार पाकर बहुत खुश था, लेकिन वह कार किसके साथ चलाए, उसे समझ में नहीं आ रहा था। उसका पक्का दोस्त तन्मय तो नाराज चल रहा था। मोनू ने अपनी परेशानी पापा को बताई। पापा ने कहा, 'बेटा, हम सबका कभी-कभी आपस में झगड़ा हो जाता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों को लेकर ज्यादा समय तक नाराज रहना अच्छा नहीं।'

'पापा गलती तो तन्मय ने की। उसने मेरी बॉल क्यों खो दी।' मोनू बोला।

'कोई बात नहीं बेटा। मैं नई बॉल लाकर तुम्हें दे दूंगा। तुम जाओ और तन्मय से सुलह कर लो।' पापा ने मोनू का समझाया।

मोनू को पापा की बात समझ में आ गई। वह अपनी रिमोट से चलने वाली कार लेकर तन्मय के घर चल दिया। रास्ते में उसने कप केक खरीद लिए। कप केक तन्मय को बहुत पसंद है। उसने सोचा, वह सॉरी बोलकर तन्मय को कप केक पकड़ा देगा। तन्मय खुश होकर उसे माफ कर देगा।

मोनू कप केक खरीद कर तन्मय के घर की ओर जा ही रहा था कि तभी दोनों दोस्त रास्ते में आमने-सामने टकरा गए। तन्मय को देखकर मोनू ने कहा, 'अरे तन्मय तुम यहां, मैं तो तुम्हारे घर जा रहा था।'

तन्मय ने खुश होकर कहा, 'मैं भी तुम्हारे घर जा रहा था, तुमसे माफी मांगने।'

'अच्छा! लेकिन अब माफी की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि अब मैं तुमसे बिल्कुल नाराज नहीं हूं।' यह कहते हुए मोनू ने झट से तन्मय को कप केक पकड़ा दिया। तन्मय कप केक पाकर बहुत खुश हुआ। उसने अपने दोस्त मोनू को थैंक्स कहा। मोनू ने तन्मय को अपनी रिमोट वाली कार दिखाई और बोला, 'चलो दोस्त, हम अब साथ में कार चलाते हैं। दोबारा कभी आपस में न लड़ने का वादा करते हैं।'

तन्मय ने भी सिर हिलाकर हामी भरी। दोनों दोस्त गले मिले और एक-दूसरे से प्रॉमिस किया- 'यह दोस्ती कभी नहीं तोड़ेंगे।' *

कविता
सूर्य कुमार पांडेय

## सच्चे मित्र

जिनसे अपने मन मिलते हैं
भीतर नए फूल खिलते हैं
वे ही सच्चे मित्र हमारे।
जिनके साथ खुशी से रहते
अपने मन की बातें कहते
वे ही अच्छे मित्र हमारे।
जिनके साथ करें हम चैटिंग
जिनके साथ करें हम बैटिंग
वे ही सारे दोस्त हमारे।
जिनसे हों पढ़ने की बातें
काम मुसीबत में जो आते
वे ही प्यारे दोस्त हमारे।



## जीके क्विज-216

1. हाल में किस केंद्रीय मंत्री को शिक्षा मंत्रालय का भी दायित्व सौंपा गया है?
2. पिछले दिनों वाराणसी में स्थित किस धार्मिक स्थल को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया?
3. स्पेन में हो रहे कॉमनवेल्थ गेम्स में किस महिला भारोत्तोलक ने स्वर्ण पदक जीता?
4. इंटरनेशनल टी-20 क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
5. ऋग्वेद किस भाषा में लिखा गया है?
6. प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय किस राज्य में स्थित है?
7. ऑक्सीजन का रासायनिक प्रतीक क्या होता है?
8. पृथ्वी का प्राकृतिक उपग्रह कौन-सा है?
9. देश के उपराष्ट्रपति संसद के किस सदन के सभापति होते हैं?
10. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?



**बच्चों, जीके क्विज-216 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-215 का उत्तर :** 1.स्पेन, 2.जेनिक सिनर, 3.विक्रम-1, 4.दिसपुर, 5.सी.पी. राधाकृष्णन, 6.विष्णुगुप्त/कौटिल्य, 7.मुंशी प्रेमचंद, 8.मध्य प्रदेश, 9.बाल गंगाधर तिलक, 10.26 जुलाई

**जीके क्विज-215 का सही उत्तर देने वाले :** जिया शिया-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, मिशा-रायपुर, कोमल-दुर्ग, राजन-बिलासपुर, हर्षिता-रोहतक, उत्तम-भोपाल, शिखा-महासमुंद, तनुजा-महेंद्रगढ़, सुमन-बालोद

## रंग भरो-207

**रंग भरो-207** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




मोक्षित, ब्यावर


आशना, जांजगीर


सार्थक, कोरबा


देवांश, महेंद्रगढ़


कुंजल, रायपुर


दिशा, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिव्या-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, सान्वी-बिलासपुर, केतन-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रिया-जांजगीर, रेणु-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, शौर्य-गुना, पूजा-करनाल, हंसिका-बालोद

## रंग भरो 208




बच्चो, यहां बेस्ट-फ्रेंड्स टीना और मीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

# वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार: यादव

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महिला विवि में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया तथा सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपनी माँ के सम्मान के साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का भी संदेश देता है। उन्होंने छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों से पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की।



गोहाना। पौधरोपण करते कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव। फोटो : हरिभूमि



### 300 फलदार पौधे रोपे

**गोहाना।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय बड़ौता एवं राजकीय महाविद्यालय बरोदा द्वारा संयुक्त रूप से भव्य पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत दोनों शिक्षण संस्थानों के शिक्षक और विद्यार्थियों ने विभिन्न किस्मों के 300 फलदार पौधे रोपकर पर्यावरण और मातृशक्ति सम्मान का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, इको क्लब, यूनिवर्सिटी आउटरीच तथा सांस्कृतिक कमेट के संयुक्त तत्वाधान में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल ग्रोवर ने की। इस अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में आम, अमरूद, जामुन, अनार और चीकू केक 300 पौधे रोपे गए।




### कन्या महाविद्यालय में किया पौधरोपण

**खरखौदा।** सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय, खरखौदा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस संयोजक डॉ. पूनम यादव, प्रो. योगिता मलिक, ईको क्लब संयोजक डॉ. विजयदीप तथा डॉ. सुमित कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### हरियाणा को हरा-भरा बनाना सामूहिक जिम्मेदारी : बड़ौली



गोहाना। 77वें वन महोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुवार को मुंडलाना गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन मोहनलाल बड़ौली रहे। इस दौरान करनाल में आयोजित मुख्यमंत्री नायब सैनी की उपस्थिति में आयोजित राज्य स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण भी किया गया। चेयरमैन मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि पेड़-पौधे धरती का श्रृंगार हैं। हरियाली से ही प्रकृति की सुंदरता बढ़ती है और पर्यावरण संतुलित रहता है। लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। हरियाणा को हराभरा बनाए रखना हम सब की सामूहिक जिम्मेवारी है। कार्यक्रम में उपायुक्त नेहा सिंह, रेंज फोरेस्ट ऑफिसर जयकिशन, एसडीएम अंकित कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष गोहाना बिजेन्द्र मलिक, भाजपा जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप सांगवान, इंद्रजीत बिरमानी, बलराम कौशिक, प्रदीप बड़वासनी, राजेश भावड़, राममेहर राठी, मुंडलाना गांव के सरपंच शिव नारायण, वन विभाग से जिला कॉर्डिनेटर शिव प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने किया निरीक्षण



**राई।** एक पेड़ माँ के नाम/" अभियान के तहत राई विधानसभा क्षेत्र के गांव रेवली और कुंडली में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक कृष्णा गहलावत ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मेयर राजीव जैन पूर्व चेयरमैन कुलदीप नागल, चेयरमैन शिमला देवी प्रवीण पार्षद,दीपक पार्षद, निरंजन पार्षद, नीरज रेवली कमिश्नर हर्षित कुमार, ज्वाइंट कमिश्नर मीतू धनखड़, एक्शन अजय निराला,सचिव मोहित कुंडली आदि थे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 200 पौधे लगाए



*सोनीपत। टीका राम गर्ल्स कॉलेज में उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-1 एवं इकाई-2 की ओर से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन विभाग, सोनीपत के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में 200 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. (डॉ.) उषा दहिया ने की।*

### युवाओं को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया



*सोनीपत। गेटवे कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ और ईईएम सेल के संयुक्त तत्वावधान में 'एक पेड़ माँ के नाम' महा-पौधरोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीनियर कॉर्पोरेट ट्रेनर एवं एआई कंसल्टेंट अमर कुमार झा रहे, जबकि अध्यक्षता महानिदेशक डॉ. कर्नल ए. गर्ग ने की।*

### राजकीय महाविद्यालय में पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



*सोनीपत। राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में छायादार, फलदार और फूलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी ज्योति सरोहा, डॉ. सुभाष सिसोदिया, मनीष ट्री, विनोद कुमार कोच, डॉ. सुनील पवार, डॉ. वंदना नशा तथा अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।*

### राजकीय महाविद्यालय पीपली में पौधरोपण अभियान



*खरखौदा। शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के मार्गदर्शन व उपस्थिति में आयोजित इस विशेष अभियान के तहत कॉलेज परिसर, आईएमटी और आस-पास के सड़क किनारों पर 250 पौधे रोपे गए। इस अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।*

### चेक बाउंस के एक मामले में लंबे समय से अदालत में पेश नहीं होने पर मामला दर्ज

*गन्नौर। चेक बाउंस के एक मामले में लंबे समय से अदालत में पेश नहीं होने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सागर शर्मा गन्नौर की अदालत ने आरोपी बॉबी सिंह को उद्घोषित व्यक्ति घोषित कर दिया है। अदालत ने थाना गन्नौर पुलिस को आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, न्यायालय में विचाराधीन कृष्ण बनाम बॉबी सिंह मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी निर्धारित तारीख पर भी अदालत में उपस्थित नहीं हुआ। अदालत ने पाया कि आरोपी की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विधिवत उद्घोषणा जारी की गई थी और कानून के अनुसार 30 दिनों की निर्धारित अवधि भी पूरी हो चुकी थी। इसके बावजूद आरोपी अदालत में पेश नहीं हुआ। न्यायिक मजिस्ट्रेट सागर शर्मा ने अपने आदेश में कहा कि उपलब्ध तथ्यों से स्पष्ट है कि आरोपी न्यायिक प्रक्रिया से बचने के लिए फरार है अथवा स्वयं को छिपाए हुए है। अदालत ने थाना गन्नौर प्रभारी को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर शीघ्र रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही शिकायतकर्ता को आरोपी की संपत्तियों की सूची उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई तीन नवंबर को निर्धारित की गई है।*

### परीक्षा संशोधन विधेयक पारित होने पर मनोज त्यागी ने जताया आभार

*राई । राई हल्के के भाजपा नेता मनोज त्यागी ने लोकसभा में परीक्षा संशोधन विधेयक पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश की परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। भाजपा नेता मनोज त्यागी ने कहा कि लंबे समय से प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में यह कानून परीक्षा व्यवस्था में सुधार लाने और दोषियों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद करेगा। इससे मेहनती और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के हित सुरक्षित होंगे तथा युवाओं का परीक्षा प्रणाली पर विश्वास और मजबूत होगा। मनोज त्यागी ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। परीक्षा संशोधन विधेयक भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे देशभर के लाखों विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। मनोज त्यागी ने विधेयक के समर्थन में मतदान करने वाले भारतीय जनता पार्टी के सभी सांसदों का आभार जताया ।*





### मारुति सुजुकी द्वारा आयोजित किया गया प्लेसमेंट ड्राइव

**खरखौदा।** आईटीआई खरखौदा में मारुति सुजुकी इंडिया द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस भर्ती प्रक्रिया में कंपनी की ओर से ललित कुमार (एच आर मैनेजर) एवं उनकी टीम ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया 29 और 30 जुलाई को दो दिनों तक आयोजित की गई, जिसमें लिखित परीक्षा,साक्षात्कार एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाएँ संपन्न हुईं। इस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 53 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। जिनमें से लगभग 25 प्रशिक्षुओं का चयन मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड में किया गया है। संस्थान के प्राचार्य संदीप कुमार अहलावत ने चयनित प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा इस प्रकार की प्लेसमेंट गतिविधियों को विद्यार्थियों के लिए रोजगार महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विधायक पवन खरखौदा के पिता उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए मेहनत, अनुशासन और कौशल विकास के महत्व पर बल दिया।



### जिला स्कूल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**खरखौदा।** जिला स्कूल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल खरखौदा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 15 पदक जीतकर विद्यालय व ब्लॉक का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में प्रधानाचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, विद्यालय प्रबंधन एवं प्रशिक्षकों ने विजेता खिलाड़ियों को पुष्पमालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में अंडर-17 बालक वर्ग में अजय, विशेष, लवजीत, रिहान, हर्ष और संभव ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि दीपांशु और वंश ने रजत पदक अपने नाम किए। अंडर-19 बालक वर्ग में मनमीत, सार्थक, आदित्य, मुकेश और पार्थम ने स्वर्ण पदक तथा प्रदीप ने कांस्य पदक जीता।

### विज्ञान प्रश्नोत्तरी में शिवाजी सदन की टीम प्रथम



*गोहाना। शहर में गुढ़ा मार्ग स्थित गीता विद्या मंदिर विद्यालय में बाल सभा में गुरुवार को विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, सामान्य विज्ञान के प्रति रुचि तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना था। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में छात्र शाखा में शिवाजी सदन की टीम ने प्रथम, दयानंद सदन की टीम ने द्वितीय, चाणक्य सदन की टीम ने तृतीय व स्वामी विवेकानंद सदन की टीम ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त टीम में रियान, केशव सैनी एवं आयुष, द्वितीय स्थान प्राप्त टीम में यशप्रीत, अर्चित एवं भौमिक, तृतीय स्थान प्राप्त टीम में जयंत जैन, नवनीत एवं अमित तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त टीम में हर्ष वंशदीप एवं मोंटी शामिल रहे।*

### विद्यार्थियों ने खूब दौड़ाई अपनी साइकिल



*गोहाना। शहर में गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगता गुरुवार को सम्पन्न हो गई। प्रतियोगिता में जिला क्षेत्र के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता करके अपनी साइकिलें खूब दौड़ाईं। मेजबान स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता जीएसएसएस बड़ौता के प्राचार्य कर्म सिंह नैन की देखरेख में आयोजित हुई। साइकिल में अंडर-14 आयु वर्ग में लड़कों में दून पब्लिक स्कूल, गोहाना के छात्र अर्णव कुंडू प्रथम, राजकीय उच्च विद्यालय माहरा के छात्र अतुल देशवाल द्वितीय रहे। अंडर-17 आयु वर्ग ग्लोबल पब्लिक स्कूल, खानपुर कलां के छात्र मनिंद्र पूनिया प्रथम व जनता विद्या भवन बुटाना के छात्र सक्षम लाठर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।*

#### भगवान शिव की आराधना व पूजा-अर्चना करने से मनवांछित फल की होगी प्राप्ति

# धर्म-कर्म : सावन माह प्रारंभ, मंदिरों में महादेव के उद्घोष के साथ उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शास्त्र-पुराणों व वेदों के अनुसार सावन मास भगवान शिव को अति प्रिय है, जो वीरवार से प्रारंभ हो चुका है। इस पवित्र सावन माह में भगवान शिव की आराधना व पूजा-अर्चना करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस बार सावन मास 30 जुलाई से प्रारंभ होकर 28 अगस्त तक रहेगा। जिसमें श्रद्धालुओं को शिव आराधना से सुख-शांति व मंगलमय जीवन की आशीर्वाद प्राप्त होगा। सावन माह में 4, 11, 18 व 25 अगस्त को मंगला गौरी व्रत रहेगा। सावन माह के प्रथम दिन आईटीआई चौक के पास कैलाश कॉलोनी स्थित ओम शिव धाम मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रातःकाल से ही हर-हर महादेव, ॐ नमः शिवाय के जयघोष से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतूरा व पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि, विश्व कल्याण की कामना की। मंदिर को फूलों व रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से सावन माह में भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं पूजन का लाभ लेने का आग्रह किया। मंदिर के पुजारी एवं श्रीमद्भागवत कथा प्रवक्ता पंडित जितेंद्र शास्त्री ने बताया कि हर वर्ष की भांति सावन माह में प्रत्येक दिन भगवान शंकर की विशेष पूजा अर्चना, रुद्राभिषेक के साथ प्रत्येक सोमवार को विशेष श्रृंगार किया जाएगा। सावन का प्रत्येक दिन भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का श्रेष्ठ अवसर है।


सोनीपत के ओम शिव धाम मंदिर में पूजा अर्चना कर महादेव का उद्घोष लगाते श्रद्धालु।

### एजेंसी को दो बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद मंडी की सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं



गन्नौर। शहर की सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। मार्केट कमेटी द्वारा सफाई का ठेका लेने वाली एजेंसी को दो बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद मंडी की सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। मंडी में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेरों से व्यापारियों और ग्राहकों में भारी रोष है।वीरवार को भी मंडी परिसर में गंदगी का आलम देखने को मिला। मंडी के विभिन्न हिस्सों में कूड़े के ढेर लगे रहे, जिससे लोगों को आने-जाने और खरीदारी करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। बरसात के मौसम में गंदगी और सड़ रहे कचरे से बदबू फैल रही है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। सब्जी खरीदने आए ग्राहक संदीप, बिंदर, साहिल और रूपेश ने बताया कि मंडी में सफाई व्यवस्था लंबे समय से बदहाल बनी हुई है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कूड़े के ढेर मंडी की सुंदरता को बिगाड़ रहे हैं। मंडी में प्रतिदिन हजारों लोग खरीदारी करने आते हैं, लेकिन सफाई की उचित व्यवस्था नहीं होने से उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है। मंडी में सफाई एजेंसी की लापरवाही के कारण मंडी में गंदगी बढ़ती जा रही है और इसका सीधा असर कारोबार पर भी पड़ रहा है।

## न्यूज डायरी

### रोलर स्केटिंग में पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 13 पदक



**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने 18वीं शॉर्ट ट्रैक रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण सहित कुल 13 पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सोनीपत के राजीव गांधी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित स्टेट लेवल स्केटिंग चैंपियनशिप में पूर्ण मूर्ति ग्लोबल स्कूल के खिलाड़ियों ने अपने जोरदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। इस दौरान असद, सत्यम , दिविशा व आरव ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि स्कूल के 9 खिलाड़ियों ने रजत पदक हासिल किया।

### स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन के समर इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन



**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन के दो माह के समर इंटर्नशिप कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। कार्यक्रम में 16 विभिन्न कॉलेजों के 90 युवाओं ने भाग लिया। इंटर्न्स ने वंचित बच्चों को शिक्षा, व्यक्तित्व विकास और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाई।स ंस्था के संस्थापक नितिन जैन ने बताया कि करीब 85 प्रतिशत प्रतिभागियों ने पहली बार किसी सामाजिक संस्था के साथ कार्य किया। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप ने युवाओं को समाज सेवा के साथ नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, संवाद कौशल और जमीनी स्तर पर कार्य करने का व्यावहारिक अनुभव दिया। कठिन मौसम में खुले वातावरण में बच्चों को पढ़ाने के बावजूद युवाओं का समर्पण प्रेरणादायक रहा।

### गुरु पूर्णिमा पर साहित्यिक उत्सव गुरु-शिष्य परंपरा का दिया संदेश



**सोनीपत।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से हिन्दू कन्या विद्यालय में गुरु पूर्णिमा एवं साहित्यिक उत्सव का आयोजन किया गया। सोनीपत इकाई के अध्यक्ष नरेश आकाश ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा का सम्मान, भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रति छात्राओं में श्रद्धा जागृत करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। प्राचार्या किरण गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला।

### 31 जुलाई को प्रकाशित होगी प्रारूप मतदाता सूची

**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि जिले की प्रारूप मतदाता सूची 31 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद इसकी प्रति सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे सूची में अपना नाम, पता और अन्य विवरण अवश्य जांच लें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा, एसडीएम सुभाष चंद्र, डॉ. अनमोल, प्रवेश कादियान, अमित कुमार, अंकित कुमार, इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी से कुनाल गहलावत, भाजपा से सुरेन्द्र मदान, बीएसपी से डीआर मलिक, सीपीआई(एम) से सरदानंद सोलंकी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### डीसीआरयूएसटी में गूगल जनरेटिव एआई पर राज्य स्तरीय कार्यशाला

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में वीरवार को हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद, नैसकॉम और फ्यूचर स्किल्स प्राइम के संयुक्त सहयोग से गूगल जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर उच्च शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. एसके गखड़, स्टेट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रो. आरएस राठौर, संयुक्त निदेशक सुरेंद्र सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर अपूर्व पांडेय, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

### बजट खर्च पर नजरें : विशेष टीम ने दो दिन में जिले के 70 राजकीय विद्यालयों का जांचा रिकॉर्ड

**सोनीपत।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले में चल रहे दो दिवसीय सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) की औपचारिकताएं वीरवार को संपन्न की गई। इस ऑडिट में दूसरे दिन मॉडल टाउन स्थित समग्र शिक्षा विभाग के कार्यालय में जिले के शेष 3 ब्लॉक सोनीपत, राई व गन्नौर के राजकीय विद्यालयों का ऑडिट किया गया। वहीं पहले दिन पानीपत से आई टीम ने ब्लॉक खरखौदा, गोहाना, कथूरा, मुंडलाना के करीब 10-10 राजकीय विद्यालयों के आय व खर्च का ब्योरा जांचा था। दूसरे दिन भी जांच के दौरान विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य व संबंधी लेखा-जोखा अधिकारी मौजूद रहे।

#### निदेशालय स्तर पर ही होगी कार्यवाही

विद्यालय शिक्षा निदेशालय के निर्देश पर जिले में दो दिन में सभी सात ब्लॉक से करीब 70 राजकीय विद्यालयों के आय व खर्च का ऑडिट कार्य पूर्ण हो चुका है। जांच के लिए निदेशालय ने ही अपने स्तर पर विभिन्न विद्यालयों व टीमों का चयन किया था। चयनित विद्यालयों के प्राचार्यों व संबंधित लेखा-जोखा अधिकारियों को जांच में शामिल कार्य को पूर्ण करवा लिया गया है। अब आगामी कार्यवाही निदेशालय स्तर पर ही होगी।

**-कृष्णा खत्री, जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा विभाग, सोनीपत**

### स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाएं

**गोहाना।** गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गोहाना में विभिन्न सरकारी और प्राइवेट विद्यालयों की मीटिंग बुलाई गई जिसमें स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने बारे दिशा निर्देश दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी बलजीत सिंह गहलावत द्वारा विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यालय प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों को दिशा निर्देश दिए गए कि वे मास पीटी, एनसीसी परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक प्रतिभागिता सुनिश्चित करें तथा उपमंडल स्तर के कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस अवसर पर गौरव कपूर, लक्ष्मण, संदीप गिरधर, फ्रैंकी, सुदेश, ईना, पवन, दीपिका व लक्की आदि उपस्थित रहे।

**न्यायालय श्री सोमेश वशिष्ट नायब तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर प्रथम/द्वितिय श्रेणी, सोनीपत ।**

केस नं० : 12/NT किस्म मु० : दु० गि० मौजा-सुलतानपुर

**अनुमान**

**1-पंकज पुत्र विनोद निवासीण सोनीपत पटटी जाटान तहसील व जिला सोनीपत।**

**फरीक अव्वलगण**

**बनाम**

1-जरनल पब्लिक 1

**फरीक दोयम**

**दरखास्त दुरूस्ती गिरदावरी खेवट नं0 271//275 खाता नं0 296 कुल तादादी 01 कनाल 14 मरले वाका रकबा मौजा सुलतानपुर**

**नोटिस बजरिये अखबार प्रकाशन**

उपरोक्त मुकदमा अनुवान वाला मेरे न्यायालय में जेर तजवीज है, जिसमें आगामी तारीख पेशी 10-8-2026 निश्चित है । अतः आप फरीक दोयम को इतला करे कि वे मेरे न्यायालय में तिथि पेशी 10-8-2026 को प्रातः 10:00 बजे असालतन या वकालतन हाजिर होकर मुकदमा की पैरवी करे। हाजिर न आने की सूरत में कार्यवाही एक तरफा अमल में लाई जावेगी । मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत में जारी हुआ ।

**हस्ता/-सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी सोनीपत**

**नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरसाणा कलॉ व ग्राम पंचायत जुआ-1 में 1-1 ग्रामीण सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है जिसके लिए दिनांक 03.08.2026 से 10.08.2026 तक खण्ड कार्यालय सोनीपत में आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। सफाई कर्मचारी की नियुक्ति हेतू दिनांक 12.08.2026 को प्रातः 11:30 बजे साक्षात्कार लिया जाएगा।

**हस्ता/- खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सोनीपत**

## खबर संक्षेप

### पदक विजेता विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**खरखौदा।** जिला स्तर पर पदक जीतने पर खरखौदा उपमंडल के गांव गोरड़ के ब्राइट शिव पब्लिक स्कूल में समारोह आयोजित किया गया। जीविका सुपुत्री अनिल कुमार और हर्ष सुपुत्र मुकेश कुमार के बॉक्सिंग में कांस्य पदक जीतने पर समाजसेवी बलराम मास्टर ने उन्हें पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया। बच्चों को एक एक दर्जन कॉपियां, एक दर्जन पेन और डायरी प्रदान की।

### रामनिवास को हिंदुस्तान यूथ आइकॉन अवार्ड मिला

**सोनीपत।** सोनीपत के बहालगढ़ निवासी युवा समाजसेवी रामनिवास को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'हिंदुस्तान यूथ आइकॉन अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि के साथ उनका नाम 'हिंदुस्तान यूथ आइकॉन बुक ऑफ रिकॉर्ड' में भी दर्ज किया गया है।

### 8-9 को होगी यूथ स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**सोनीपत।** स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, सोनीपत में 8 और 9 अगस्त को 14वीं हरियाणा स्टेट यूथ अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन होगा। प्रतियोगिता जिला एथलेटिक्स संघ, सोनीपत और एथलेटिक्स हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जाएगी।

### दो दिन चलकर पोर्टल फिर ठप, प्रदेशभर में कामकाज पर लगता जा रहा ब्रेक

# एचईडब्ल्यूपी फिर बंद : ठेकेदारों के बिल और नए एस्टीमेट अटके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल (एचईडब्ल्यूपी) में करीब एक माह से तकनीकी खराबी के रूप में चल रही उठा-पटक से विकास कार्यों पर ब्रेक लगता जा रहा है। पोर्टल में तकनीकी खामी आने से ठेकेदारों के बिल से लेकर नई योजनाओं के एस्टीमेट तक दर्ज नहीं हो पा रहे हैं, जबकि अधिकारी कुछ नए मेनुअल एस्टीमेट व रिपोर्ट अपनी टेबलों पर संजोए बैठे हैं। ठेकेदारों को लंबित भुगतान न होने से विकास कार्यों की गति धीरे-धीरे थमने लगी है। ठेकेदार बार-बार अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने पर विवश हैं। ऐसे में जिलेभर के इंजीनियरिंग विभागों से जुड़े अधिकारियों व ठेकेदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पोर्टल मंगलवार को सुबह सुचारू होने के बाद दो दिन के अंदर फिर अचानक डुबा दे गया है। जिससे काम को निपटाने की प्रक्रिया फिर ठंडे बस्ते चली गई।



**सोनीपत।** रेलवे रोड स्थित नगर निगम कार्यालय।

#### हैंकिंग की भी लगाई जा रही अटकलें

इस बीच अटकलें यह भी लगाई जा रही हैं कि एचईडब्ल्यूपी की हैंकिंग के चलते यह समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, लेकिन पोर्टल के माध्यम से बजट, एस्टीमेट राशि को लेकर किसी प्रकार के लेन-देन का कोई नियम नहीं है। प्रदेश सरकार ने केवल विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से ही खासकर सभी इंजीनियरिंग विभागों को इस डिजिटल पोर्टल से जोड़कर स्पष्टता रूपी प्लेटफार्म की शुरुआत की गई थी। पोर्टल के माध्यम से ही उच्च अधिकारियों से लेकर विभागों के निचले स्तर तक के अधिकारी प्रत्येक विकास संबंधी योजनाओं पर अपनी नजर बनाए रखते हैं। साथ ही पोर्टल पर संबंधित विकास कार्यों का पूरा लेखा-जोखा अपलोड किया जाता है। स्थिति यह है कि जुलाई माह में पोर्टल में आई तकनीकी खामी ने अधिकारियों व ठेकेदारों को झकझोर दिया है। जहां ठेकेदारों के लंबित भुगतान अटक कर खड़े हो गए हैं, वहीं नई विकास योजनाओं के एस्टीमेट (अनुमानित बजट) भी पोर्टल पर अपलोड नहीं हो रहे हैं। इसके अलावा पहले से पोर्टल पर दर्ज किए गए विभिन्न कार्यों संबंधी टेंडरों की प्रक्रिया उलझकर रह गई है। उधर संबंधित विभागों के आला अधिकारी दैनिक मॉनिटरिंग व योजना प्रोग्रेस रिपोर्ट तैयार नहीं कर पा रहे हैं।

#### बिना भुगतान ठेकेदार कैसे खरीदें सामग्री

पोर्टल में तकनीकी खामी आने से मुख्यालय से लेकर जिलास्तर के कार्यालयों तक की फाइलों की आवाजाही रूक गई है। इस बीच विभिन्न विकास कार्यों को पूरा करवाने का सपना संजोए ठेकेदार भी उलझकर रह गए हैं। जो कार्य एक-दो माह पहले पूरे हो जाने चाहिए थे, उन पर ब्रेक लग चुका है। ठेकेदारों के पास लटके खड़े आगामी कार्यों के लिए बजट का अभाव है। ठेकेदारों ने बताया कि जिला ही नहीं, बल्कि प्रदेशभर में बुनियादी ढांचे व सार्वजनिक विकास कार्यों की रफ्तार थामना उनकी विवशता बनती जा रही है। वर्तमान में चल रहे विकास कार्यों को पूरा करवाने के लिए उनकी कंपलीशन फाइलें, रनिंग बिल सिस्टम में प्रोसेस नहीं हो पा रहे हैं। लंबित भुगतान नहीं मिलने से उनके पास निर्माण सामग्री खरीदने का अभाव बना है।

#### करीब 25 दिन में 4 बार हुई हलचल

विभागीय सूत्रों की मानें तो एचईडब्ल्यूपी पोर्टल में आई तकनीकी खामी को दूर करने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। करीब 25 दिन में 4 बार पोर्टल हलचल करते हुए कुछ समय के लिए चला, लेकिन फिर बंद हो गया। पोर्टल के दोबारा शुरू होने के इंतजार में अधिकारी व ठेकेदार हाथ पर हाथ रखकर बैठने को मजबूर हैं। मंगलवार सुबह पोर्टल में हुई हलचल के बाद बुधवार तक सुचारू रूप से चला। लेकिन शाम को अचानक पोर्टल बंद हो गया।

#### अधिकारी कर रहे मैनुअल कार्य

एचईडब्ल्यूपी पोर्टल में करीब एक माह से चल रही तकनीकी खराबी आने से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। हालांकि मुख्यालय स्तर पर पोर्टल को जल्द दुरुस्त कराने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारी मेनुअल काम पूरे कर रहे हैं, ताकि पोर्टल चलते ही रिपोर्ट तुरंत दर्ज की जा सके।

*-पद्मभूषण, कार्यकारी अभियंता, नगर निगम, सोनीपत*

### साउथ पॉइंट के गर्वित ने स्केटिंग में जीते 2 स्वर्ण पदक, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन



**सोनीपत।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की ओर से आयोजित जिलास्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के तहत साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल में स्केटिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 27 से 29 जुलाई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर की विजेता टीमों ने भाग लेकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल के गर्वित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि प्रतियोगिता में साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल के कक्षा 6 के छात्र गर्वित ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 500 मीटर क्वाड्स और 1000 मीटर क्वाड्स स्केटिंग स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

### सेवानिवृत्त छह पुलिस कर्मियों को दी विदाई

**सोनीपत।** पुलिस लाइन, सोनीपत में आयोजित सम्मान एवं विदाई समारोह में पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने सेवानिवृत्त होने वाले छह पुलिस कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी। इस दौरान उनके दीर्घकालीन, उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाकाल की सराहना करते हुए सम्मान चिन्ह एवं उपहार भेंट किए गए। समारोह में निरीक्षक रमेश, निरीक्षक नरेन्द्र, निरीक्षक जोगिन्द्र, निरीक्षक दीपक, सहायक उप निरीक्षक सतीश तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सतीश को विभाग में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।




### फर्जी यूनियन के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबद्ध हुड्डा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी यूनियन मुख्यालय पंचकूला, हेडक्वार्टर सोनीपत की जिला कमेटी ने वीरवार को एचएसवीपी कार्यालय, सेक्टर-15 में दोपहर एक बजे से दो बजे तक धरना-प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता जिला चेयरमैन राकेश त्यागी और जिला प्रधान सुरेंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सचिव योग प्रकाश तथा राज्य कोषाध्यक्ष सुरेश रोहिल्ला ने किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने बताया कि यूनियन के नोटिस पर कार्यकारी अभियंता ने 31 जुलाई को वार्ता के लिए बुलाया है। उन्होंने कहा कि यूनियन ने पत्र जारी कर मांग की है कि फर्जी और बोगस यूनियन के नाम पर 5 अगस्त को एचएसवीपी की जलापूर्ति और सीवर व्यवस्था बंद करने की धमकी देने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही 24 जुलाई से कार्यालय पर धरना देने वालों की गैरहाजिरी दर्ज कर वेतन काटने, बदली किए गए कर्मचारियों को वापस न लेने की मांग की गई।

### आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस पर लगेगा रक्तदान शिविर

**गोहाना।** जींद रोड स्थित जवाहरलाल नेहरू पार्क में पतंजलि योग समिति गोहाना इकाई एवं किसान पंचायत समिति जिला सोनीपत की एक संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पतंजलि योग समिति प्रभारी पंकज जैन ने की तथा संयोजन रक्तदान प्रभारी सुरेश पांचाल का रहा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति अबकी बार भी किसान पंचायत समिति जिला सोनीपत के तत्वावधान में पतंजलि योग समिति के सहयोग से 4 अगस्त आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस पर रोहतक रोड आईटीआई वाली गली के नुक्कड़ पर पतंजलि आरोग्य केंद्र पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

### मनोदेव इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने ब्लॉक स्तर पर लहराया परचम




**खरखौदा।** मनोदेव इंटरनेशनल स्कूल पिपली के होनहार खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना और स्कूल का नाम रोशन किया है। अपनी मेहनत और लगन के दम पर अब ये सभी छात्र जिला स्तरीय खेलों में स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में बेहतरीन खेल भावना और प्रतिभा का परिचय दिया। ब्लॉक स्तरीय 400 मीटर दौड़ में यशवी,100 मीटर दौड़ में स्नेहा एवं 600 मीटर दौड़ में यशवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।ट्रिपल जंप में रिदम ने प्रथम और शॉटपुट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कुश्ती में रिचा, बॉक्सिंग में हर्ष तथा लॉन्ग जंप में सामर्थ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बॉक्सिंग में सामर्थ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय संचालिका सुनीता देवी और प्रधानाचार्या भावना ने विजेताओं को बधाई दी।

### बबीता अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की प्रदेश महामंत्री नियुक्त



**सोनीपत।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत की मेन, महिला एवं युवा इकाई की संयुक्त बैठक काठमंडी स्थित संगठन कार्यालय में जिला चेयरमैन संजय सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बबीता जिंदल के अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (महिला इकाई) हरियाणा की प्रदेश महामंत्री नियुक्त होने पर उनका स्वागत और सम्मान किया गया। समाजसेवी सोहन लाल जिंदल ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन और मजबूत होगा। हरियाणा मेन टीम के महामंत्री अनिल गुप्ता ने बबीता जिंदल को शुभकामनाएं देते हुए महिला सशक्तिकरण और सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

### छात्राओं को महान विभूतियों के योगदान से अवगत करवाया

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद ऊधम सिंह, हिंदी के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद व भक्ति काल के अमर कवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को इन महान विभूतियों के जीवन, आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान से परिचित कराना। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों तथा उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया गया। साथ ही छात्राओं को विश्वविद्यालय की अनुशासन, उत्कृष्टता एवं नैतिक मूल्यों की परंपरा के बारे में भी जानकारी दी गई। विभागाध्यक्ष प्रो. मूर्ति मलिक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए शहीद ऊधम सिंह के अदम्य साहस और देशभक्ति, मुंशी प्रेमचंद के साहित्य में निहित सामाजिक चेतना तथा गोस्वामी तुलसीदास के आध्यात्मिक एवं मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डाला।

### पशुपालन विभाग यूनियन के त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न



**सोनीपत।** हरियाणा राज्य पशुपालन विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी यूनियन, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबद्ध जिला सोनीपत की बैठक एवं त्रिवार्षिक चुनाव एसकेएस कार्यालय, हनुमान मंदिर के पीछे आयोजित किए गए। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव विजेंद्र दहिया ने की, जबकि संचालन जिला कैशियर अनिल शर्मा ने किया। चुनाव में विजेंद्र दहिया जिला प्रधान, मनोज दहिया जिला सचिव, अनिल शर्मा जिला कैशियर तथा गौरव और संदीप उपप्रधान चुने गए।

### डीएससी समाज ने कृष्ण कुमार प्रकरण में पुलिस आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन

**खरखौदा।** डीएससी समाज के प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर डाबला के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम कार्यालय, खरखौदा पहुंचकर पुलिस आयुक्त, सोनीपत के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कृष्ण कुमार द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी



कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन में कृष्ण कुमार ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2024 में खरखौदा क्षेत्र में 581 वर्ग गज के एक मकान का सौदा 40 लाख रुपये में तय हुआ था, जिसके तहत उसने 5 लाख रुपये अग्रिम राशि के रूप में दिए थे। आरोप है कि तय समय पर रजिस्ट्री कराने के बजाय उसे लगातार टालमटोल की गई। बाद में रजिस्ट्री के बहाने बुलाकर उसके साथ मारपीट की गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं और इलाज के लिए पीजीआई रोहतक में भर्ती होना पड़ा। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

### युवक को अवैध मशकट गन सहित किया काबू

**गन्नौर।** थाना गन्नौर पुलिस ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध मशकट गन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, टीम रेलवे फ्लाईओवर गुमड़ के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गन्नौर-खुबड़ु रोड स्थित नहर पुलिया के पास एक युवक अवैध हथियार लेकर खड़ा है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की।पुलिस को देखकर युवक गांव गुमड़ की ओर जाने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान तालीम पुत्र जमील निवासी गांव खुरगान, कैराना, जिला शामली (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी गुमड़ रोड, गन्नौर के रूप में बताई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

### 8.25 करोड़ के पावर हाउस से गांवों में रोशन होगी बिजली व्यवस्था

# आहुलाना में नया पावर हाउस शुरू, तीन हजार उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

आहुलाना गांव में लगभग 8.25 करोड़ की लागत से करीब दो एकड़ भूमि पर तैयार 33 केवी पावर हाउस का शुभारंभ विधायक देवेंद्र कादियान ने फीता काटकर और बटन दबाकर किया। इस पावर हाउस के चालू होने से आहुलाना, अटायल और मनक माजरी सहित आसपास के खेतों में बिजली आपूर्ति पहले से अधिक सुचारू होगी। लगभग तीन हजार बिजली उपभोक्ताओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा, जबकि खेड़ी गुर्जर पावर हाउस पर वर्षों से बना अतिरिक्त लोड भी काफी हद तक कम हो जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बिजली निगम के अधिकारियों ने विधायक का स्वागत किया, वहीं ग्रामीणों ने



**गन्नौर।** 33 केवी पावर हाउस का शुभारंभ विधायक देवेंद्र कादियान साथ मे विभाग के अधिकारी ।

फूलमालाओं से अभिनंदन किया। शुभारंभ से पहले विधायक ने गांव के प्राचीन श्याम मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नया पावर हाउस केवल बिजली आपूर्ति का केंद्र नहीं, बल्कि किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के जीवन में नई ऊर्जा का माध्यम बनेगा। उन्होंने बताया कि उद्देशीपुर में भी नया पावर हाउस बनकर तैयार है, जिसे जल्द ही चालू किया जाएगा।

#### लोड बंटवारा बेहतर होगा

*बिजली निगम के एक्सईएन प्रवीन गर्ग ने बताया कि नए 10 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर के साथ तैयार इस 33 केवी पावर हाउस से लोड का बेहतर बंटवारा होगा। ट्रांसफार्मरों पर दबाव कम पड़ेगा, फॉल्ट और ट्रिपिंग की घटनाएं घटेंगी। सिंचाई के लिए पर्याप्त और बिजली मिलेगी।*

#### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर बिजली निगम के एक्सईएन प्रवीन गर्ग, बिजली निगम के सब अर्बन एसडीओ अभिषेक कुमार, एसडीओ अमित डागर, एलडीसी संदीप कुमार, सरपंच प्रतिनिधि अजित कुमार पूर्व सरपंच हरेन्दर पहल, ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार, गुरमैल सरपंच गामड़ा, शंकर, बिजेंद्र कोच, मोना, रणबीर, रोहताश, राजू, बलजीत, दीपक पहलवान समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।*

## न्यूज डायरी

### संगठनात्मक बैठक में बूथ स्तर को मजबूत करने पर हुआ मंथन



**राई।** जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राई विधायक कृष्णा गहलावत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चेयरमैन मोहनलाल बड़ौली ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राई विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ अध्यक्षों और बीएलओ-2 साथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की वर्तमान गतिविधियों, बूथ स्तर पर चल रहे कार्यों की समीक्षा तथा आगामी योजनाओं की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चेयरमैन मोहनलाल बडोली ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। इस मौके पर जाखोली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल के अलावा पार्टी के पदाधिकारी गण मौजूद थे ।

### जैन गर्ल्स कालेज की 20 छात्राओं को मिला समाज रत्न आनंद जैन अवार्ड



**गन्नौर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सीसीएएस जैन गर्ल्स पीजी कालेज की 20 मेधावी छात्राओं को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने पर जैन बोर्डिंग हाउस में आयोजित समारोह में समाज रत्न आनंद जैन अवार्ड से सम्मानित किया गया। आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली शिवानी, प्राची और तनु को 31-31 हजार रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली एकता, नैंसी और अन्नु को 21-21 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली हिमांशी को 11 हजार रुपये की सम्मान राशि, प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। अन्य 13 छात्राओं को भी सम्मान राशि और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में सीसीएएस जैन एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष आनंद जैन, प्राचार्य डा. मनोज कुमार, निदेशिका भूषण भाटिया, प्रधानाचार्या शालिनी जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

### कांग्रेस नेताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में किया प्रदर्शन



**सोनीपत।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणियों के विरोध में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अभिनेत्री एवं सांसद कंगना रनौत का पुतला फूंककर उनके बयानों की कड़ी निंदा की। प्रदर्शन की अध्यक्षता महिला कांग्रेस की कार्यकारिणी सदस्य नीलम बालियान और सचिव पायल मलिक ने संयुक्त रूप से की। महिला नेताओं ने आरोप लगाया कि कंगना रनौत ने कांग्रेस नेताओं के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के खिलाफ भी संसद में अनुचित टिप्पणी की। उन्होंने मांग की कि इस मामले में सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जाए। प्रदर्शन में सीमा खासा, पूनम दहिया, कलावती पांचाल, कृष्णा बुमराह, रेनू, सीमा, पूनम, राजबाला, सुषमा सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### जिला खेल प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को दिए गए पुरस्कार




**गोहाना।** गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय साइकिल एवं मुक्केबाजी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विजेता विद्यार्थियों को स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार और प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने पुरस्कृत किया। शेर सिंह पब्लिक स्कूल, गोहाना और लिटिल एंजेल्स स्कूल, सोनीपत में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खेलों में दून पब्लिक स्कूल के मेधावी विद्यार्थी अर्नव कुंडू ने अंडर-14 आयु वर्ग की 5 किलोमीटर दौड़ में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के आधार पर उनका चयन राज्य स्तरीय साइकिल प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया।

### जेकेआर स्कूल की टीम ने जीती जिला क्रिकेट प्रतियोगिता



**गोहाना।** जेकेआर स्कूल, गोहाना की क्रिकेट टीम ने जिला स्तरीय अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करके ट्राफी पर अपना कब्जा कर लिया। इस आधार पर इस टीम का चयन राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया। गुरुवार को स्कूल के एमडी राजबीर राठी ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए अपना आशीर्वाद दिया। जीडी गोयंका स्कूल सोनीपत में 27, 28 और 29 जुलाई को जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जेकेआर स्कूल की टीम ने क्वाटरफाइनल मुकाबले में 8 ओवर में 65 रन बनाकर प्रतिद्वंद्धि खरखौदा की टीम को 20 रन से और सेमीफाइनल मुकाबले में 54 रन बनाकर राई की टीम को 10 रन से हराया। फाइनल मुकाबले में जेकेआर स्कूल की टीम ने 63 रन बनाकर गन्नौर की टीम को 30 रन से पराजित करके ट्राफी कब्जा ली।

### बीआर ग्लोबल विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर पदक जीते




**गन्नौर।** बीआर ग्लोबल विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्राइट स्कॉलर विद्यालय में 30 जुलाई को आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय की छात्रा तमन्ना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, कक्षा आठवीं की लक्षिता और तनिष्का, कक्षा नौवीं की कानिका तथा कक्षा दसवीं की दीक्षा ने रजत पदक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। विद्यालय के चेयरमैन राकेश यादव, शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल और उपप्रधानाचार्या मंजू सहरावत ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।